/4 **e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 01/भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12/2021......4706......

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/
अररिया/ सीतामढ़ी/सुपौल/ मधेपुरा/प0 चम्पारण/
जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा।
**अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त**
सहरसा/किशनगंज/कटिहार/पूर्णियाँ

पटना, दिनांक :– 22/12/2022

विषय :– बन्दोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक– 1712 दिनांक– 28.02.2021 एवं बन्दोबस्त पदाधिकारी, बांका के पत्रांक– 519 दिनांक– 25.11.2021 के आलोक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के वैसे राजस्व ग्रामों में थाना संख्या, टोलावार बट्टा में थाना संख्या रहने तथा उक्त राजस्व ग्रामों में सभी अलग–अलग टोलों में खेसरा नम्बर एक से प्रारंभ होने के कारण आनेवाली कठिनाईयों के समाधान हेतु मार्गदर्शन उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि वर्त्तमान समय में किए जा रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के अंतर्गत मानचित्र एवं अधिकार अभिलेख के निर्माण प्रक्रिया में राजस्व ग्रामों जिनका थाना संख्या पूर्व के सर्वेक्षण में थाना संख्या बट्टा नम्बर में अंकित होने के कारण आनेवाली कठिनाईयों के संबंध में जमुई एवं बांका के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन की मांग की गई। इस संबंध में उक्त दोनों जिलों द्वारा जिन समस्याओं को प्रतिवेदित किया किया गया जो निम्न हैः–

(क) बांका जिले से संबंधित समस्याएँ

1. **अंचल– कटोरिया, शिविर संख्या–1** कटोरिया अन्तर्गत गठित शिविर में कुल 28 राजस्व ग्राम को शामिल किया गया, जबकि अंचल द्वारा प्रेतिवेदित राजस्व ग्रामों की संख्या– 379 है।

| राजस्व ग्राम का नाम | थाना सं0 (मानचित्र में अंकित) | थाना सं0 बट्टा के साथ (खतियान में अंकित) | चादर सं0 |
|---|---|---|---|
| भोरसार | 200 | 200/1 से 200/262 | 31 |
| जमदाहा | 201 | 201/1 से 201/58 | 28 |
| कधार खास | 202 | 202/1 से 201/226 | 59 |

- राजस्व ग्रामों में कई चादर है, लेकिन खेसरा का क्रमांक की पुनरावृति अन्य चादरों में भी पाई गई, जिसके कारण पोर्टल पर इंट्री नहीं हो रही है।
- गत् सर्वे खतियान (CS) में थाना नम्बर बट्टा में डालकर प्रदर्शित किया गया है।

- रिविजनल सर्वे में भी बट्टा नम्बर डालकर प्रदर्शित किया गया है।
- बन्दोबस्त पदाधिकारी के प्रतिवेदन के अवलोकन से ज्ञात होता है कि चादरों में अंकित टोलों के आधार पर मूल थाना नम्बर में बट्टा डालकर स्वतंत्र राजस्व ग्राम के रूप में प्रदर्शित की गई है, जिसका भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में इन्द्राज नहीं है।

**2. अंचल चांदन, शिविर संख्या– 1**

| राजस्व ग्राम का नाम | थाना सं0 (मानचित्र में अंकित) | थाना सं0 बट्टा के साथ (खतियान में अंकित) | चादर सं0 |
|---|---|---|---|
| वारेन | 125 | $\frac{125}{1}$ से $\frac{125}{43}$ | 16 |
| चांदवारी | 117 | $\frac{117}{1}$ से $\frac{117}{39}$ | 16 |
| कसवावोलिया | 113 | $\frac{113}{1}$ से $\frac{113}{31}$ | 25 |
| नवाडीह | 110 | $\frac{110}{1}$ से $\frac{110}{13}$ | 7 |
| टोनापाथर | 108 | $\frac{108}{1}$ से $\frac{108}{18}$ | 23 |

- उक्त सभी राजस्व ग्राम के खतियान में एक ही खेसरा संख्या दो अन्य–अन्य खाता में चढ़ा हुआ है। सभी राजस्व–ग्राम के मानचित्र में भी एक ही खेसरा दो अन्य–अन्य खाता में चढ़ा हुआ है। सभी राजस्व ग्राम के मानचित्र में भी एक ही खेसरा संख्या दो अन्य–अन्य शीट में अंकित है।

3. **अंचल– चांदन, शिविर संख्या– 2,** राजस्व ग्राम– चान्दन, थाना संख्या– 141 खतियान दो Volume में उपलब्ध है।

| राजस्व ग्राम का नाम | थाना सं0 (मानचित्र में अंकित) | C.S नक्शा का कुल संख्या | खतियान | संधारित खेसरा |
|---|---|---|---|---|
| चान्दन | 141 | 2705 | Volume-I | 01 से 1108 |
| | | | Volume-2 | 01 से 1597 |

**(ख) <u>जमुई जिले से संबंधित समस्याएँ</u>**

एक ही राजस्व ग्राम जिसका थाना नं0 एक है परन्तु टोलावार थाना नं0 बट्टा में रहने के कारण सही खेसरा उक्त ग्राम के नक्शा के अनुसार एक से अधिक बार आता है परन्तु उपलब्ध Software में राजस्व ग्राम एक रहने के कारण खेसरा को एक से अधिक बार Entry नहीं होता है। फलतः उपलब्ध खेसरा के अनुरूप अपलोडिंग नहीं होता है।

**(ग) वर्त्तमान में विभागों में अभिलेख राजस्व ग्राम के टोलावार थाना संख्या बट्टा के अनुसार संधारण की स्थिति निम्न प्रकार हैः–**

- अंचल– कटोरिया के निर्मित खतियान में मौजा–जमदाहा, थाना संख्या 201 / 51, मौजा–जमदाहा टोला धुरिया थाना संख्या– 201 / 50 दर्ज है।
- अंचल अधिकारी, कटोरिया से राजस्व ग्रामों के प्राप्त सूची में भी थाना संख्या, बट्टा नम्बर सहित अंकित है।
- राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट पर पंजी–II भी टोला का नाम एवं थाना संख्या में बट्टा के साथ प्रदर्शित है। इसी के अनुसार निबंधन एवं राजस्व से संबंधित सभी कार्य निष्पादन किया जा रहा है।
- पंचायती राज विभाग द्वारा राजस्व ग्राम– भोरसार, थाना संख्या– 200, जमदाहा, थाना संख्या–201 एवं कधार खास, थाना संख्या–202 के सभी टोला के थाना संख्या बट्टा नम्बर वाले को मौजा आई0डी0 उत्पन्न किया गया है।

- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बांका का पत्रांक– 963 दिनांक– 25.08.2021 से भी स्पष्ट होता है कि टोलावार एवं थाना संख्या बट्टा को टोला को मौजा के रूप में चिन्हित किया गया है।

**(घ) बांका एवं जमुई जिला के साथ ग्रामों के संबंध प्राप्त प्रतिवेदन, खतियान एवं मानचित्र के अवलोकन से निम्न तथ्य स्पष्ट होता है:–**

- संबंधित राजस्व ग्राम का अधिकार–अभिलेख (कैडेस्ट्रल सर्वे) राजस्व ग्राम के साथ टोला का नाम, थाना संख्या/बट्टा संख्या के अनुसार तैयार किया गया था और पंजी–II भी संधारित है। उसी अनुरूप अंचल कार्यालय में राजस्व से संबंधित कार्य किया जाता है।
- भारतीय निबंधन अधिनियम, 1908 अन्तर्गत उक्त मौजा (टोलावार राजस्व ग्राम, थाना संख्या एवं बट्टा संख्या के अनुसार) में निबंधित किया जाता है।
- राजस्व मानचित्र में भी टोला/थाना संख्या बट्टा के साथ प्रदर्शित करते तैयार किया गया। टोला बॉउण्ड्री को मोटा लाईन से मानचित्र पर दर्शाया गया है, जिससे टोला को अलग–अलग किया गया है।

उक्त सभी समस्याओं के संबंध में The Techanical Rules of Settlement Department, Bihar, 1959 (प्रथम संस्करण, 1927) के नियम–88 में टोला के संबंध में दिये गये प्रावधान एवं बिहार काश्तकारी अधिनियम, 1885 की धारा–3(10) में दी गई "गांव" की परिभाषा को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त समस्याओं के निराकरण हेतु निम्नवत् कार्रवाई की जा सकती है:–

उपरोक्त समस्याओं को निराकरण हेतु निम्न सुझाव पर विचार किया जा सकता है:–

(i) संबंधित राजस्व ग्रामों के विभिन्न टोले को अलग–अलग मौजा मानते हुए सभी टोलों का अलग–अलग शीट पर स्वतंत्र मानचित्र तैयार किया जा सकता है। मानचित्र में राजस्व ग्राम का नाम के साथ मूल थाना संख्या के साथ बट्टा संख्या अंकित किया जा सकता है।

(ii) किस्तवार प्रक्रम में खानापुरी दल प्रत्येक टोला थाना संख्या, थाना संख्या/बट्टा संख्या के अनुसार मानचित्र में अलग–अलग किया जा सकता है।

(iii) हवाई सर्वेक्षण एजेंसी संबंधित राजस्व ग्राम, टोला एवं थाना संख्या, बट्टा के साथ अलग–अलग मानचित्र तैयार किया जा सकता है और निदेशालय के पत्रांक– 156 दिनांक– 21.01.2022, पत्रांक– 274 दिनांक– 09.02.2022, पत्रांक– 462 दिनांक– 28.02.2022 एवं पत्रांक– 158 दिनांक– 21.01.2022 के अनुसार मानचित्र में सभी अवयव दर्शाया जाएगा।

(iv) बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 अन्तर्गत प्रथम चरण के बीस जिलों के 89 अंचल के राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रचालन हेतु प्रपत्र–1 में उद्घोषणा की गई है, लेकिन उक्त राजस्व ग्राम में टोला, थाना संख्या, बट्टा संख्या होने के कारण गांव के रूप में माना जाता है तो बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 के नियम– 4 अन्तर्गत प्रपत्र–1 में उद्घोषणा प्रकाशित किया जाएगा।

(v) कैडेस्ट्रल/रिविजनल सर्वे के मानचित्र के डिजिटाईज्ड किये गये मानचित्र Sheet Index दर्शाया गया है, उदहारण स्वरूप निम्नवत् है:–

| CS या SS | 20 | 0 1 | 0010 | 229 | 01 |
|---|---|---|---|---|---|
| Map Code | District Code | Anchal Code | Village Code | Thana No. | Sheet No. |

यदि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में राजस्व ग्राम का नाम / टोला का नाम एवं था संख्या बट्टा के साथ प्रावधान किया जाता है, तब विशेष सर्वेक्षण के मानचित्र में Sheet Index इस प्रकार दर्शाया जा सकता है।

| CS या SS | 00 | 00 | 0000 | 000 | 000 | 01 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Map Code | District Code | Anchal Code | Village Code | Thana No. | Batta No. | Sheet No. |

अतः अनुरोध है कि उक्त सुझावों के आलोक में बट्टा नम्बर वाले राजस्व ग्रामों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य का निष्पादन किया जाए। साथ ही स्पष्ट करना है कि बांका / जमुई के अलावे अन्य जिला में समरूप समस्या हो तो उपरोक्त सुझाव के अनुसार निष्पादन किया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021 4306 **पटना, दिनांक** 22/12/2022

**प्रतिलिपिः–** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / अररिया / सीतामढ़ी / सुपौल / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021 4306 **पटना, दिनांक** 22/12/2022

**प्रतिलिपिः–** सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021 4306 **पटना, दिनांक** 22/12/2022

**प्रतिलिपिः–** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021 4306 **पटना, दिनांक** 22/12/2022

**प्रतिलिपि** :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), GISC, IIC के प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021......4716...... **पटना, दिनांक**...22/12/2022...

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01 / भू0अ0नि0 (3) विविध–(बटा नम्बर)–12 / 2021......4716...... **पटना, दिनांक**...22/12/2022...

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप